तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 24 मई 2026




12 दिल्ली में आज गूंजेगी डी-लिस्टिंग की मांग ....



12 नियमों को ताक पर रखकर रेत का अवैध उत्खनन जारी



## खबर संक्षेप

### निजी नहीं सरकारी भूमि पर किया गया है निर्माण

**जगदलपुर।** एसडीएम बस्तर ने बताया कि एक परिवार की निजी भूमि पर शासकीय निर्माण कराने की खबर सोशल मीडिया वायरल हुई है। साथ ही संबंधित व्यक्तियों द्वारा न्याय की मांग को लेकर पैदल यात्रा किए जाने की बात भी सामने आई है। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राप्त शिकायतों एवं राजस्व अभिलेखों का परीक्षण कराया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित भूमि खसरा क्रमांक 541, रकबा 0.870 हेक्टेयर राजस्व अभिलेख में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। उक्त स्थल का चयन सार्वजनिक उपयोग के लिए श्राद्ध घाट निर्माण हेतु नगर पंचायत स्तर पर किया गया था। जांच के दौरान संबंधित आवेदकों द्वारा भूमि स्वामित्व से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रशासन द्वारा नियमानुसार स्थल निरीक्षण, राजस्व अभिलेख परीक्षण तथा संबंधित पक्षों से जानकारी प्राप्त करने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन ने कहा है कि प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही जारी है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम/नगर बस्तर क्षेत्र में लखेश्वरी बघेल की पट्टे वाली भूमि पर शासकीय निर्माण किए जाने का दावा असत्य एवं भ्रामक है।

### रेलवे प्लेटफार्म से गायब बैग पुलिस की तत्परता से मिला



**जगदलपुर।** आज सुबह लगभग 9:15 बजे कमला कांत दास 45 वर्ष निवासी बेनिरामपुर कटक, ओडिशा ने आरपीएफ को सूचना दी कि उनका काले रंग का बैग जिसमें कपड़े, आईडी प्रूफ एवं अन्य सामान थे प्लेटफॉर्म नंबर-1 से गायब हो गया है। उन्होंने बताया कि बैग प्लेटफॉर्म पर छोड़कर टिकट बनवाने काउंटर गए थे। वापस आने पर बैग नहीं मिला। ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारी एवं स्टाफ सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जिसमें देखा गया कि एक परिवार गलती से बैग उठा लिया और चले गए। सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच करने पर पता चला कि वह परिवार एक चार पहिया वाहन में बैठकर गया है। इसके बाद वाहन का विवरण प्राप्त कर कैब चालक से संपर्क किया गया तथा उसे बैग सहित रेलवे स्टेशन वापस आने निर्देशित किया गया। कुछ समय पश्चात मलिना प्रवीण कुमार अपने परिवार के साथ आरपीएफ पोस्ट में उपस्थित हुए तथा बैग प्रस्तुत करते बताया कि मेरे पास भी काले रंग का बैग होने के कारण गलती से यह बैग ले गए थे। शिकायतकर्ता ने बैग की जांच की जिसमें समस्त सामान सुरक्षित पाया गया। आवश्यक सत्यापन एवं दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत बैग सही सलामत वास्तविक मालिक के सुपुर्द किया गया। शिकायतकर्ता ने स्टाफ की त्वरित कार्रवाई एवं सहयोग के लिए धन्यवाद देकर आभार माना।

# मुख्य किसान पूरा कोटा खुद ले रहे पर साझेदारों के लिए खाद का संकट

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

## खाद लिमिट तय करने के बाद साझेदार किसानों को नहीं मिल रहा खाद

सरकार प्रति एकड़ कृषि जमीन पर खाद की मात्रा तय लिमिट करने के कारण सहकारी समितियों और सरकारी केंद्रों पर साझेदार किसानों (बटाईदार, सह-खातेदार) को खाद नहीं मिल रहा है। वर्तमान नियमों के अनुसार खाद केवल खसरे या भूमि के सरकारी रिकॉर्ड के आधार पर और आधार कार्ड से जुड़ी फार्मर आईडी (पंजीयन) से ही दी जा रही है। खाद सीधे भूमि स्वामी (जिसके नाम पर जमीन दर्ज है) को ही आबंटित की जा रही है। यदि साझेदार का नाम सरकारी खतौनी या खसरे में दर्ज नहीं है, तो उसे सीधे तौर पर खाद नहीं मिल रहा है। समितियों में ई-पॉश मशीनों के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन होता है। भूमि मालिक ही अपने बायोमेट्रिक से कोटा ले रहा है। बस्तर जिले में 220 निजी खाद दुकान हैं, जहां खाद पर्याप्त उपलब्ध है, जहां लेम्पस की दरों में मिल रही है। दुकानों में शासकीय दर से किसानों को खाद दिया जा रहा है। जगदलपुर लेम्पस प्रबंधक सोनू राव ने बताया कि लेम्पस में खाद की उपलब्धता पर्याप्त है, डीएवी 50 किलो का बोरा 1350 रूपए, पोटास 1945 रूपए, नैनो यूरिया 225 रूपए एवं यूरिया 45 किलो 266.50 रूपए बोरा में किसानों को खाद दिया जा रहा है। इस लेम्पस में 450 किसान हैं, जिसमें अब तक 100 किसानों को खाद दिया गया है।






### माहेश्वर बिना खाद के लौटा

जिले के घाटकवाली निवासी माहेश्वर ने बताया कि खाद के लिए लेम्पस में पहुंचे तो जमीन नहीं होने पर खाद देने मना कर दिया। इस पर शनिवार को शहर के सोमानी ट्रेड लिंक में खाद लेने पहुंचे तो वहां भी खाद नहीं मिला। सोमानी ट्रेड लिंक के संचालक विजय सोमानी ने इस संबंध में बताया कि माहेश्वर के नाम जमीन नहीं है। वह माहेश्वर के दादा के पिता के नाम से जमीन है, जिसमें कृषि कर रहा है। शासन के नियमों के अनुसार जिसके नाम से जमीन होगी उसे ही खाद मिलेगी, साझेदार एवं परिजनों को नहीं मिलेगा, क्योंकि जिसके नाम जमीन है उनका अंगूठा लगाना पड़ रहा है।

# जांच नाका बना तस्करों के लिए आसान रास्ता सीसीटीवी में कैद हुई तेंदूपत्ता तस्करी की खेप

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| दोरनापाल**

## दोरनापाल ओडिशा बॉर्डर से रात 3 बजे पार हुईं तेंदूपत्ते से लदी 3 पिकअप

▪ वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

सुकमा जिले में तेंदूपत्ता तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। वन विभाग की लगातार सख्ती और निगरानी के दावों के बीच एक बार फिर दोरनापाल ओड़िशा बॉर्डर से मामला सामने आया है। शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे तेंदूपत्ते से लदी तीन पिकअप वाहन जांच नाका पार कर ओड़िशा की ओर निकल गईं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पूरी घटना जांच नाका के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक तीनों पिकअप वाहनों में भारी मात्रा में तेंदूपत्ता भरा हुआ था। देर रात वाहनों ने दोरनापाल के ओड़िशा बॉर्डर स्थित जांच नाका को पार किया, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारियों द्वारा किसी प्रकार की रोक-टोक या जांच नहीं की गई। फुटेज सामने आने के बाद अब यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर जांच नाका में तैनात कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद तस्कर इतनी आसानी से बॉर्डर कैसे पार कर गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों दोरनापाल और आसपास के इलाकों में तेंदूपत्ता की अवैध खरीदी और परिवहन खुलेआम चल रहा है। गांवों से तेंदूपत्ता एकत्र कर रात के अंधेरे में पिकअप और अन्य वाहनों के जरिए ओड़िशा में खपाया जा रहा है। आरोप है कि तस्कर पहले से तय रास्तों और ▸▸| शेष पेज 12 पर



### *कार्रवाई की मांग कई बार उठाई गई*

*बताया जा रहा है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार दोरनापाल बॉर्डर से तेंदूपत्ता तस्करी की शिकायतें सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने कई बार कार्रवाई की मांग उठाई, लेकिन हालात में कोई बदलाव नजर नहीं आया। अब सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद विभाग की लापरवाही पर सवाल तेज हो गए हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि जांच नाका में तैनात कर्मचारियों द्वारा गंभीरता से जांच की जाती तो तेंदूपत्ते से भरे वाहन इतनी आसानी से सीमा पार नहीं कर पाते। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि रात के समय निगरानी व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित रह जाती है और इसी का फायदा उठाकर तस्कर सक्रिय हो जाते हैं।*

### पतंजलि योग शिक्षक बनने की पंजीयन तिथि में वृद्धि



**जगदलपुर।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में शहर में 21 मई से 14 जून तक 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक का प्रशिक्षण आनलाइन व आफलाइन प्रारंभ किया गया, ▸▸| शेष पेज 12 पर






# बिजली व नेटवर्क की समस्या पर किया चक्काजाम, घंटों बाधित रहा एनएच 63

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपालपटनम**

नगर में लगातार बिजली और नेटवर्क समस्या को लेकर शनिवार को सर्व समाज ने वन विभाग के नाका के पास नेशनल हाईवे 63 पर चक्का जाम किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर घंटों तक वाहनों की आवाजाही रोक दी, जिससे हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से सड़क जाम समाप्त करने और किनारे बैठकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की। इस बात को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच काफी देर तक तीखी बहस हुई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह जाम नहीं किया जा सकता और यदि सड़क पर बैठकर आवागमन बाधित किया गया तो कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करनी पड़ सकती है। पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी सड़क के एक ओर बैठ गए और नारेबाजी जारी रखी। इसके बाद दोपहिया वाहन और छोटी गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो सकी, हालांकि कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। कुछ देर बाद तहसीलदार लक्ष्मण राठिया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व यशवंत कुमार नाग तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस घनश्याम कामड़े टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद बिजली विभाग के जिला अधिकारी भी वहां पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समस्या को लेकर चर्चा हुई।



### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार शिविर के दौरान क्षेत्र की बिजली व्यवस्था और जियो तथा बीएसएनएल नेटवर्क की खराब स्थिति को लेकर शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। इसी कारण प्रशासन से अनुमति लेकर चक्का जाम आंदोलन किया गया। प्रदर्शन के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या समाधान की मांग की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता जनपद उपाध्यक्ष नीलम गणपत, साई चेट्टी, पी आनंद, उमेश गुज्जा, प्रेम कुमार गुज्जा, मुरली मनोहर चांडक,गोविंद कुमते,अनकारी सुधाकर, के श्रीनिवास, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष अशोक तलानडी, इमरान खान, ताटी नारायण, नवीन मोरला सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।









### कलेक्टर को मुक्ति मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में मोर्चा की दंतेवाड़ा जिला इकाई ने कलेक्टर दंतेवाड़ा को बचेली के टेलिंग डेम के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 के आबादी वाले क्षेत्र में टेलिंग डेम है। समय पर वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप



### अवैध परिवहन करते 480 पैकेट मक्का जब्त

**जगदलपुर।** कृषि उपज मंडी समिति की टीम ने बस्तर संभाग में लगातार अभियान चलाकर बिना वैध दस्तावेजों और मंडी नियमों के उल्लंघन के चलते मक्के के अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार की जांचों में पड़ोसी राज्यों को अवैध रूप परिवहन करते मक्का एवं अन्य उपज को जप्त कर रहे हैं। इसके तहत 22 मई को कोंडागांव से जगदलपुर मार्ग पर बिना मंडी अभिलेख के अधिसूचित कृषि उपज मक्का 480 पैकेट वाहन एपी 39 एक्स 2579 में परिवहन करते पाए जाने पर मंडी अधिनियम अनुसार कार्यवाही की गई। राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि मंडी की टीम उपजों की अवैध परिवहन को रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

### बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत आज लगेंगे क्लस्टर शिविर

**कोण्डागांव।** "बस्तर मुन्ने" एवं सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले के विभिन्न गांवों में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में 23 मई को मारंगपुरी, छिनारी और चिचडोगरी में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम मारंगपुरी में आयोजित शिविर में कौंदकेरा, छोटेमालगांव, सलना, पलना, चिचाड़ी, मारंगपुरी, बांसकोट एवं केरागांव के ग्रामीण शामिल होंगे। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम छिनारी में आयोजित शिविर में छत्तोड़ी, किरमारी, छिनारी, नेवरा, बड़ेसोंहगा, छोटेसोंहगा, बेड़ागांव और बिजोंली के ग्रामीण भाग लेंगे। जनपद पंचायत कोण्डागांव अंतर्गत चिचडोगरी में आयोजित शिविर में बांसगांव, मड़ागांव, बावड़ी, तोड़म, कोंगेरा, तेलंगा, बनजुगानी, कराठीआलवाड़ चिचडोंगरी सहित कई वनग्रामों के ग्रामीण शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने सभी ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### जिला कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कोण्डागांव।** आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़, अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और त्वरित सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिला कार्यालय कोण्डागांव के कक्ष क्रमांक–38 में मानसून समाप्ति तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष संचालित रहेगा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के लिए दूरभाष क्रमांक जारी किया गया है, जिस पर आम नागरिक आपात स्थिति में संपर्क कर सकते हैं।

# ग्राम पंचायत नरिहा के जनसमस्या निवारण शिविर से ग्रामीण लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरिहा में क्लस्टर स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 95 आवेदन प्राप्त हुए। विभिन्न विभागों द्वारा आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर में कृषि, खाद्य, आदिवासी विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं श्रम विभाग सहित अन्य विभागों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। राजस्व विभाग द्वारा 05 बी–1 एवं डिजिटल किसान किताब वितरित की गई। खाद्य विभाग ने 05 राशन कार्ड प्रदान किए। श्रम विभाग द्वारा 11 श्रम कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने 06 जन्म प्रमाण पत्र एवं 05 आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। शिक्षा विभाग द्वारा 02 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मनरेगा के तहत 10 जॉब कार्ड भी प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 07 हितग्राहियों को नए आवास की चाबी सौंपी गई।



### महिला एवं बाल विकास विभाग ने आयोजित किए कार्यक्रम

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई, अन्नप्राशन एवं पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को अनुदान योजनाओं एवं कृषि सामग्री संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।

## धर्मांतरित परिवार को आरक्षण व योजनाओं को लाभ देने का विरोध

# दिल्ली में आज गूंजेगी डी-लिस्टिंग की मांग आदिवासी राष्ट्रपति से मिलेंगे, सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के धर्मांतरण किए लोगों को आरक्षण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिलना चाहिए। डी-लिस्टिंग की मांग दिल्ली में गूंजेगी, 24 मई को दिल्ली में आयोजित डी-लिस्टिंग आंदोलन में शामिल होने वाले थे, पर स्वास्थ्यगत कारणों से नहीं जा सके। यह आंदोलन आदिवासी अस्मिता, अधिकार और सामाजिक न्याय से जुड़ा विषय है, जिस पर व्यापक राष्ट्रीय विमर्श होना चाहिए। यह बातें आदिवासी नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने पत्रकार भवन में शनिवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि देशभर में अनुसूचित जनजाति समुदाय के भीतर डी-लिस्टिंग, धर्मांतरण और आरक्षण को लेकर नई बहस तेज होती दिखाई दे रही है। यह विषय केवल किसी राज्य का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की गंभीर सामाजिक और संवैधानिक बहस का विषय बन चुका है। आंदोलन का मुख्य उद्देश्य उन लोगों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करने की मांग है, जिन्होंने धर्म परिवर्तन कर लिया है, लेकिन वे अब भी आरक्षण एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बस्तर संभाग के सातों जिलों से आदिवासी दिल्ली रवाना हुए हैं, जहां 24 मई को राष्ट्रपति से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग की है। सर्व आदिवासी समाज के राजाराम तोड़ेम ने भी स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देते हुए दिल्ली नहीं जा पाने की बात कही, लेकिन आंदोलन के मुद्दों को महत्वपूर्ण बताते हुए समाज के समर्थन की बात दोहराई। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मांतरण के बाद भी कुछ लोग दोहरी व्यवस्था का लाभ उठा रहे हैं। एक ओर वे अलग धार्मिक पहचान ग्रहण कर रहे हैं और दूसरी ओर अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिलने वाले आरक्षण एवं सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उनका कहना था कि इस विषय पर केंद्र सरकार को स्पष्ट नीति बनानी चाहिए और वास्तविक लाभार्थियों तक योजनाओं का फायदा पहुंचाने के लिए समीक्षा आवश्यक है।

### वास्तविक जरूरतमंदों को मिले लाभ

सर्व आदिवासी समाज बस्तर के जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप ने कहा कि डि-लिस्टिंग, धर्मांतरण और आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था पर राष्ट्रीय स्तर पर खुली बहस की जरूरत है, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ मिले और आदिवासी पहचान, परंपरा तथा संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन कायम रह सके।

# नियमों को ताक पर रखकर रेत का अवैध उत्खनन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन बड़ी समस्या है, जिसे रोकने के लिए प्रशासन धरपकड़ और जब्ती की कार्रवाई कर रहा है। बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी और भस्केल नदी जैसे क्षेत्र साथ ही बकावंड ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बनियागांव के आश्रित ग्राम बेलगांव में माफियाओं द्वारा नियमों को ताक पर रखकर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में प्रतिदिन 100 से अधिक वाहनों से अवैध रूप से रेत ढो रहे हैं। दिन ढलते ही नदी किनारों पर विभिन्न भारी वाहनों की कतार लग जाती है और देर रात तक रेत का परिवहन जारी रहता है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे माफियाओं के हौसले और बढ़ गए हैं। बिना रॉयल्टी और पिट पास के वाहनों से खुलेआम परिवहन जारी है, अवैध रेत कारोबार से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। बताया जा रहा है कि अवैध रेत कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। कई क्षेत्रों में अवैध खनन को लेकर राजनीतिक और स्थानीय स्तर पर विरोध भी देखा गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर कई बार प्रशासन तत्काल एक्शन मोड में आता है।

### जल संकट बढ़ने की चिंता

लगातार हो रहे अवैध खनन से नदी-नालों की संरचना बिगड़ने लगी है। ग्रामीणों को जलस्तर गिरने और भविष्य में जल संकट बढ़ने की चिंता सता रही है। वहीं भारी ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही से गांव की सड़कें भी खराब हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल निरीक्षण कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### लगातार की जा रही छापेमारी

जिला खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश से प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। अवैध रूप से रेत ले जाते हुए ट्रैक्टर, हाइवा और खनन में उपयोग हो रही पोकलेन जैसी मशीनें जब्त की जा रही हैं। एक महीने क अंतराज में करीब 10 से अधिक वाहनों को जप्त किया गया। कुछ दिनों में पुलिस, ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों की सहायता लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# पुजारी आत्महत्या मामले की जांच पर असंतोष, कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



चेरपाल निवासी प्राथमिक शाला पालनार के प्रधानाध्यापक राजू पुजारी आत्महत्या मामले में एक माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजनों और समाज प्रमुखों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार शाम गोंडवाना भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान कैंडल जलाकर एवं दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत राजू पुजारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा में तेलंगा समाज, सर्व आदिवासी समाज, महार समाज, कलार समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वालों के खिलाफ अब तक गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस जांच की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। समाज प्रमुखों ने आरोप लगाया कि मामले में कार्रवाई की रफ्तार बेहद धीमी है, जिससे पीड़ित परिवार और समाज में असंतोष बढ़ रहा है। बीजापुर जनपद उपाध्यक्ष एवं तेलंगा समाज के संयोजक दिनेश पुजारी ने कहा कि राजू पुजारी के परिवार को न्याय दिलाने की लड़ाई अंतिम सांस तक जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो समाज व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। सभा में निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले में पारदर्शी कार्रवाई की मांग की गई। समाज प्रमुखों ने कहा कि न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव कमलेश पैंकरा, गोंडवाना समन्वय समिति के अध्यक्ष अमित कोरसा, महार समाज के अध्यक्ष अजय दुर्गम, कैलाश रामटेके, प्रकाश कावरे, सतीश झाड़ी, रैमनदास झाड़ी, मंगल रोटेल, अनीता पुजारी, कमला पुजारी, अनीता मद्देड़, संगीता पुजारी,सुनीला जेट्टी, रामु पसपुल, तिरुपति लिंगम, आशीष पुजारी, अनिल लिंगम, राजेश पुजारी राजेंद्र पसपुल किशोर मद्देड़, कृष्णा पुजारी, अजय पुजारी, भुवनेश्वर लिंगम, उदय पुजारी, कान्ताप्रसाद कुड़मूल, पुरुषोत्तम भंडारी, सहित अन्य समाज प्रमुख मौजूद थे।

# केशकाल प्रीमियर लीग में हुए 4 मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

विधानसभा स्तरीय बहुप्रतीक्षित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता "केशकाल प्रीमियर लीग सीजन-2" का भव्य शुभारंभ गुरुवार को केशकाल के प्रियदर्शनीय ग्राउंड मे किया गया, जिसमें पहले दिन 4 मुकाबले खेले गये।

प्रतियोगिता मे गुरुवार को चार मैच खेला गया। जिसमें पहला मैच सुपर चैलेंजर एवं डेंजरस बॉयस, दूसरा मैच पत्रकार इलेवन एवं हबिबा ट्रेडर्स, तीसरा मैच केशकाल इंडियन एवं राणा धुरंधर, अंतिम मैच किंग्स इलेवन केशकाल एवं फिनिस लाइन के मध्य खेला गया। सभी मैच को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। रात 3 बजे तक़ दर्शकों ने मैच का लुत्फ उठाया।

आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 16 खिलाड़ी शामिल रहेंगे। टूर्नामेंट में कुल 47 मुकाबले खेले जाएंगे। लीग चरण में प्रत्येक टीम को 4 मैच खेलने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता को अलग-अलग पूल में विभाजित किया गया है, जहां एक पूल में 5 टीमें हैं।

# प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा पर दावा–आपत्ति 30 तक

**कोण्डागांव।** प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025–26 की कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी 30 मई 2026 की रात्रि 12 बजे तक दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा–आपत्ति प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों को कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कोण्डागांव में स्वयं उपस्थित होकर प्रमाण सहित आवेदन जमा करना होगा। बिना प्रमाण के प्राप्त दावा–आपत्तियों को अमान्य माना जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दावा–आपत्ति डाक माध्यम से स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# मालाकोट के कलस्टर स्तरीय शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



आम नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार अंतर्गत कोंडागांव विकासखंड के ग्राम मालाकोट में कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। विभिन्न विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी – शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 04 किसानों को डिजिटल किसान किताब वितरित की गई। साथ ही 04 बी–1 एवं 03 आय–जाति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। पंचायत विभाग द्वारा 12 जॉब कार्ड वितरित किए गए, जिससे ग्रामीणों को रोजगार योजनाओं का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 आयुष्मान कार्ड एवं 03 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा 10 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वहीं खाद्य विभाग ने 05 राशन कार्ड वितरित किए। उद्यान विभाग द्वारा ग्रामीणों को 10 पौधों का वितरण कर पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 03 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, 03 बच्चों का अन्नप्राशन तथा 04 पोषण किट का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने पर हितग्राहियों ने शासन–प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पेज 11 के शेष

### पतंजलि योग शिक्षक ....

जिसमें जगदलपुर सहित विभिन्न राज्य से साधक पंजीकरण करा आनलाइन जुड़ रहें हैं। योग शिक्षक बनने के उत्साह को देख पंजीकरण की तिथि 25 मई तक बढ़ा दी गई है। पतंजलि जिला प्रभारी मनोज चंद्रा ने सत्र का शुभारंभ करते हुए बताया कि योग शिक्षक बनने के लाभ अनेक हैं जो कि इस प्रशिक्षण पश्चात पतंजलि योगपीठ द्वारा परीक्षा व प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावेगा। प्रशिक्षण द्वारा योग क्षेत्र में स्वरोजगार और रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### जांच नाका बना ....

समय का इस्तेमाल कर रहे हैं और जांच नाका में मौजूद सिस्टम फेल साबित हो रहा है।
सीसीटीवी फुटेज की जांच जारी : इधर मामले के सामने आने के बाद वन विभाग में भी हलचल बढ़ गई है। सूत्रों की मानें तो विभागीय अधिकारी अब सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वाहन किस रास्ते से पहुंचे और ड्यूटी में किस स्तर पर लापरवाही हुई। हालांकि विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि सुकमा जिला तेंदूपत्ता उत्पादन के लिए जाना जाता है और हर साल सीजन के दौरान बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता की खरीदी होती है। इसी बीच अवैध तस्करी के मामले भी तेजी से सामने आते हैं। लेकिन लगातार शिकायतों और घटनाओं के बावजूद यदि जांच नाका से ही तस्करी के वाहन पार हो रहे हैं, तो यह पूरे सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

## महापौर संजय पांडेय ने किया निरीक्षण, कहा- स्वच्छ और शुद्ध पानी देने का प्रयास

# सेटलिंग टैंक की साफ-सफाई शुरू, 180 टन गाद निकालने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- प्रतिदिन 8–10 कुशल श्रमिक सुरक्षा उपायों के साथ टैंकों की सफाई में लगे

नगरपालिक निगम ने शहरवासियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मानसून पूर्व तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में पावर हाउस स्थित सेटलिंग टैंक में जमे गाद की सफाई का कार्य शनिवार से प्रारंभ किया गया। कार्य का निरीक्षण करने महापौर संजय पांडेय टीम के साथ पहुंचे।

उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान इंद्रावती नदी का पानी मटमैला हो जाता है जिससे जल शोधन प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए बारिश से पहले सेटलिंग टैंकों में वर्षों से जमा गाद को हटाया जा रहा है। ताकि जल शोधन प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके और शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि सफाई कार्य पूरी तरह मैनुअल पद्धति से किया जा रहा है तथा किसी प्रकार की भारी मशीनों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। प्रतिदिन 8 से 10 कुशल श्रमिक सुरक्षा उपायों के साथ टैंकों की सफाई में लगे हुए हैं।

महापौर ने कहा सफाई अभियान के दौरान लगभग 180 टन गाद निकालने का लक्ष्य निर्धारित है। सेटलिंग टैंक की नियमित सफाई जल आपूर्ति व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है क्योंकि अधिक मात्रा में गाद जमा होने से जल शोधन क्षमता प्रभावित होती है। इससे पानी को शुद्ध करने में अधिक मात्रा में रसायनों का उपयोग करना पड़ता है तथा जल गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इंद्रावती नदी से प्राप्त मटमैले पानी को साफ एवं कीटाणुरहित करने के बाद उच्च स्तरीय टंकियों तक पहुंचाया जाता है जहां से विभिन्न वार्डों में पेयजल की सप्लाई की जाती है। यदि समय रहते सेटलिंग टैंकों की सफाई नहीं की जाए तो दूषित पानी की आपूर्ति होने का खतरा बना रहता है जिससे जलजनित बीमारियों की संभावना बढ़ सकती है।

### समस्या की सूचना देने की अपील

महापौर ने शहरवासियों से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा पेयजल संबंधी किसी भी समस्या की सूचना निगम प्रशासन को देने की अपील की है ताकि उसका त्वरित निराकरण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद कुबेर देवांगन, मनोज ठाकुर, संजीव कर्ण सहित तकनीकी अमला उपस्थित रहा।



पाठक सूचना
केशकाल एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
संवाददाता : चिराग उपाध्याय
उपाध्याय न्यूज एजेंसी
पता : केशकाल
मो. 89826 62810

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का मानसिक दिवालियापन उजागर

**गीदम।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य विरेश मिश्रा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व पर हमला बोला।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज राजनीतिक पाताल लोक में जा गिरी है, जहां से केवल वैचारिक दुर्गंध आ रही है। विरेश ने कहा कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रभक्त संगठन आरएसएस को गद्दार कहना उनकी अराजक मानसिकता और देश की जनता के विवेक का अपमान है। जब किसी दल के पास नीति और नीयत का अभाव होता है, तो वह राजनीतिक शून्यवाद का शिकार हो जाता है। कांग्रेस आज उसी दौर से गुजर रही है।

### उप जेल के आसपास 500 मीटर क्षेत्र नो फ्लाई जोन घोषित

बीजापुर। जिला प्रशासन ने उप जेल बीजापुर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जेल परिसर के ऊपर एवं आसपास 500 मीटर की परिधि को नो फ्लाई जोन घोषित किया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विश्वदीप ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत आदेश जारी किया है। कार्यालय जेल अधीक्षक उप जेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में प्रदेश की सभी जेलों के आसपास नो फ्लाई जोन घोषित करने के निर्देश दिए गए थे।

## निधन

### रानीदान राठी

**जगदलपुर।** सुकमा के प्रतिष्ठित व्यवसायी रानीदान राठी का विशाखापटनम के एक अस्पताल में तड़के 3 बजे निधन हो गया। कुछ दिनों से तबियत बिगड़ने पर उनका उपचार चल रहा था। आज सुकमा में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग, शहरी और ग्रामीण, पत्रकार तथा सभी वर्ग के लोग शामिल थे। वे हरिभूमि के सुकमा जिला ब्यूरो प्रमुख लीलाधर राठी के पिता थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### श्यामा देवी चंद्रहास

**जगदलपुर।** बस्तर जिला पत्रकार संघ के सदस्य चंद्रहास वैष्णव की माता श्यामा देवी चंद्रहास का आज कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। हॉस्पिटल से शव उनके गृह निवास ले जाया गया। कल रविवार को प्रातः 10 बजे अंतिम यात्रा गृह निवास करकापाल से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# लाजो की उड़ान फिल्म का ट्रेलर व पोस्टर लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



महक फिल्म्स एंड इंटरटेनमेंट एवं सूर्य ताम्रकार फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक शिक्षा एवं महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर सामाजिक

■ फिल्म प्रेरणादायक, जागरूकता व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा

विषयों पर आधारित हिंदी सिनेमा स्कोप फिल्म लाजो की उड़ान का पोस्टर एवं ट्रेलर लॉन्च समारोह में बड़े ही भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कला, संस्कृति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों एवं कला प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव रहे। विशिष्ट अतिथि बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं शहर के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य तृप्ति सोनी रहीं। अतिथियों ने फिल्म के विषय एवं उद्देश्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक, जागरूकता फैलाने वाला एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला सराहनीय प्रयास बताया।

फिल्म के निर्माता-निर्देशक, लेखक, गीतकार एवं संगीतकार सूर्या ताम्रकार ने बताया कि लाजो की उड़ान केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का एक प्रयास है। फिल्म में महिलाओं के संघर्ष, आत्मसम्मान, शिक्षा, स्वच्छता, सामाजिक कुरीतियों एवं महिला उत्पीड़न जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम के दौरान फिल्म का ट्रेलर प्रदर्शित किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। ट्रेलर में महिला संघर्ष, अन्याय के खिलाफ आवाज, सामाजिक जागरूकता, भावनात्मक दृश्य तथा बस्तर की संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। उपस्थित दर्शकों ने फिल्म की प्रस्तुति एवं सामाजिक संदेश की प्रशंसा की। समारोह के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

### फिल्म के मुख्य किरदार

फिल्म के मुख्य किरदारों में माही, सूर्या ताम्रकार, शिव प्रकाश सीजी, लक्ष्मी मंडल, गुनधर भारद्वाज, मंगलू पोयाम, आकाश देवांगन, प्रभुनाथ पाणिग्रही, पूर्णिमा सरोज एवं सूरज पाणिग्रही ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही अनेक स्थानीय कलाकारों ने भी फिल्म में सशक्त अभिनय कर बस्तर की कला एवं संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है।

### टीम के प्रयासों की सराहना

मुख्य अतिथि ने कहा कि बस्तर की धरती से इस प्रकार की सामाजिक एवं प्रेरणादायक फिल्मों का निर्माण होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों एवं फिल्म टीम के प्रयासों की सराहना की।

# सुशासन तिहार में विधायक गोयल ने किया जनसमस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



तोकापाल एवं बास्तानार विकासखंड में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम आमजन के लिए भरोसे और समाधान का केंद्र बनकर उभरा। आज तोकापाल ब्लॉक की ग्राम पंचायत करंजी में 10 पंचायतों तथा बास्तानार ब्लॉक में 17 पंचायतों के संयुक्त सुशासन तिहार कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

■ मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित कर पुरस्कार दिया गया

कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना रहा। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में आम नागरिकों की शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित समाधान किया गया। राजस्व, पंचायत, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास, वन विभाग सहित अनेक विभागों ने अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनायक गोयल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन स्वयं गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और तत्काल समाधान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। इस दौरान ग्रामीणों को वन भूमि पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। हितग्राहियों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार गांव में ही इतनी सुविधाएं एवं समाधान एक साथ उपलब्ध हुए हैं। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का विशेष सम्मान भी किया गया। 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। विधायक विनायक गोयल ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।सुशासन तिहार में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। ग्रामीणों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को सीधे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष रखा। कई मामलों में मौके पर ही समाधान कर लोगों को राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी तथा ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, कृषि विभाग द्वारा किसानों को कृषि संबंधी जानकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण एवं महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी दी गई।

सुशासन तिहार के इस आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्रों में शासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया है। विधायक विनायक गोयल की उपस्थिति एवं सक्रिय पहल से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजन निरंतर करने की मांग की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी सुनिल, जिला मंत्री नारायण सिंह ठाकुर , मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, चन्द्रकांत भण्डारी, शिव सुयवशी, शिवानंद पेगड़, संतोष ठाकुर, विमल पाण्डेय एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# दक्षिण बस्तर अंचल में डीजल संकट से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिले की व्यवसायिक नगरी गीदम व आसपास क्षेत्र के किसानों में डीजल संकट को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय पर डीजल की अनुपलब्धता और नियमों की कठोरता ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

किसानों का कहना है कि पेट्रोल पंपों पर डिब्बे या कंटेनर में डीजल ले जाने पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में 20—25 किलोमीटर दूर गांवों से ट्रैक्टर और अन्य वाहन लेकर पेट्रोल पंप तक आना मजबूरी बन गया है। इससे समय और अतिरिक्त खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। खेतों में जुताई, बुवाई और सिंचाई का काम प्रभावित हो रहा है। समलूर, बिंजाम, कासोली, नागुल व अन्य दूर-दराज गांवों से बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर पंप पर पहुंचे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी डीजल नहीं मिल पाया। कई पंपों पर स्टॉक खत्म होने के बोर्ड लगे थे। इससे नाराज़ किसानों ने वहीं विरोध जताया। उनका कहना है कि एक तरफ महंगाई और दूसरी तरफ डीजल न मिलने से दोहरी मार पड़ रही है। किसानों ने बताया कि एक दिन की देरी से भी फसल चक्र बिगड़ जाता है। डीजल के लिए बार-बार 15-20 किलोमीटर का चक्कर लगाने में 300-400 रुपये का अतिरिक्त खर्च आता है। छोटे और मझोले किसानों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि खरीफ सीजन को देखते हुए पेट्रोल पंपों पर डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसानों की स्थिति को देखते हुए डिब्बे में सीमित मात्रा में डीजल ले जाने की अनुमति दी जाए, जिससे खेती कार्य समय पर पूरे हो सकें। किसानों ने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ उत्पादन में भी गिरावट झेलनी पड़ेगी। मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि प्रशासन को ग्रामीण भारत की रीढ़ किसानों की समस्या को प्राथमिकता से हल करना चाहिए, जिससे अन्नदाता परेशान न हो और खेती प्रभावित न हो।

## संभाग से 50 कार्यक्रम अधिकारियों को कर रहे प्रशिक्षित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रशिक्षण 28 मई तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। ईटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 से 28 मई तक आयोजित किया गया। भारत सरकार कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय शासन के उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के ईटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूरे बस्तर संभाग से 50 कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारियों से समाज के प्रति संवेदनशीलता एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में विभिन्न महाविद्यालयों से आए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहभागी बने। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों, नेतृत्व विकास, सामुदायिक सहभागिता एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. सजीवन कुमार ने ईटीआई ट्रेनिंग की संक्षिप्त जानकारी दिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. समीक्षा चंद्राकर जिला संगठक शासकीय महाविद्यालय, डॉ. कल्पना भगत जिला संगठक शासकीय महाविद्यालय बलौदा बाजार, डॉ. समीर ठाकुर अधिष्ठाता छात्र कल्याण शामिल रहे।




# दरभा ब्लाक को पूर्ण साक्षर बनाने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



दरभा ब्लॉक को पूर्ण साक्षर ब्लाक बनाने के लिए शनिवार कों खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र एवं बीआरसी समलू राम कश्यप द्वारा नेगानार संकुल मे दरभा ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयको की बैठक ली गई। बैठक में संकल्प लिया गया कि निर्धारित समय सीमा में ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतो शत प्रतिशत असाक्षरों का सर्वे कराया जाएगा इसके लिए ग्रामवार टीम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। चिन्हाकित सभी असाक्षरों को आगामी माह में आयोजित होने वाली महापरीक्षा में शामिल कराकर साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए ब्लॉक में संचालित सभी 20 संकुलो मे उल्लास केंद्र का संचालन अनिवार्य रूप से करने पर जोर दिया गया। बीईओ जगदीश पात्र द्वारा नियमित अध्यापन कराकर पढ़ना लिखना सिखाने के निर्देश भी दिए गए एवं इस अभियान मे सहयोग की अपील की। साथ ही सभी ग्राम पंचायतो मे भी गहन सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करने कों कहा गया कि कोई भी व्यक्ति निरक्षर न रहें। बैठक में निर्देश दिए गए कि जो भी पंचायत पूर्ण रूप से साक्षर हो चुका है वह प्रारूप -3 में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

# अब बोतल या ड्रम में नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, सरकार ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य शासन ने राज्य में ईंधन की जमाखोरी और ब्लैक मार्केटिंग को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत अब प्रदेश के भीतर सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों और समानांतर विपणनकर्ता कंपनियों के किसी भी पेट्रोल पंप से ड्रम, बोतल या जेरीकेन में पेट्रोल और डीजल का

■ किसानों, शासकीय कार्यों और अत्यावश्यक सेवाओं के लिए मिलेगी छूट, एसडीएम को देना होगा आवेदन

विक्रय पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। शासन द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार रिटेल आउटलेट संचालकों को अब पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सीधे उपभोक्ताओं के वाहनों की टंकी में ही करनी होगी। सरकार ने इस व्यवस्था को बेहद सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया है और साफ कर दिया है कि यदि कोई भी पेट्रोल पंप संचालक इस निर्देश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसे मोटर स्पिरिट और उच्च वेग डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के तहत अप्राधिकृत विक्रय माना जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधितों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के कड़े प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

आम उपभोक्ताओं के लिए की गई इस कड़ाई के बीच शासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि राज्य के विकास और किसानों के कामकाज पर इसका कोई बुरा असर न पड़े। इसके लिए आदेश में रबी सीजन की फसल कटाई तथा आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों के मद्देनजर प्रदेश के किसानों को डीजल की मांग पर विशेष छूट दी गई है। साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित किए गए ऐसे समस्त शासकीय कार्यों जैसे रेलवे, सड़क निर्माण और भवन निर्माण, जो समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाने हैं, उन्हें भी इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। इसके अतिरिक्त अस्पताल और मोबाइल टॉवर जैसी जिला कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित अत्यावश्यक सेवाओं के लिए भी इस नियम में ढील दी गई है। इस छूट का लाभ उठाने के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया तय की गई है, जिसके तहत किसानों, शासकीय कार्यों और अत्यावश्यक सेवाओं के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) यानी एसडीएम द्वारा प्रस्तुत मांग का बाकायदा परीक्षण किया जाएगा। एसडीएम की इस जांच और हरी झंडी के बाद ही पेट्रोल पंप संचालक सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए इन विशेष श्रेणियों के ग्राहकों को ड्रम या जेरीकेन में ईंधन का विक्रय कर सकेंगे।

# सुशासन तिहार में किसानों को मिली नई दिशा

## मृदा स्वास्थ्य कार्ड से मजबूत हो रही खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा





सुशासन तिहार के अंतर्गत विकासखंड कटेकल्याण में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर किसानों के लिए जागरूकता और नई उम्मीद लेकर आया। शिविर में पहुंचे किसान लखमा, मासे, मंगू एवं अन्य ग्रामीण किसानों ने कृषि विभाग द्वारा दी जा रही मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी प्राप्त की और इसे खेती के लिए बेहद उपयोगी बताया।

विदित हो कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को स्वस्थ मिट्टी और बेहतर उत्पादन के उद्देश्य से लगातार मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इस कार्ड के माध्यम से किसानों को अपनी भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल रही है, जिससे वे आवश्यकता अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग कर पा रहे हैं। शिविर में कृषि अधिकारियों ने किसानों को बताया कि मृदा परीक्षण के दौरान मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर, जैविक कार्बन, पीएच मान तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की जांच की जाती है। परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर फसलवार उर्वरक उपयोग की अनुशंसा दी जाती है, जिससे खेती की लागत कम होने के साथ-साथ उत्पादन में भी वृद्धि होती है। इस दौरान किसानों को जैविक खेती के महत्व जैसे गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप खाद, जीवामृत, घनजीवामृत एवं हरी खाद के उपयोग से मिट्टी में जैविक कार्बन में बढ़ोत्तरी और भूमि की उर्वरा शक्ति, मिट्टी की जलधारण क्षमता एवं सूक्ष्म जीवों की सक्रियता में भी वृद्धि होती है। शिविर में किसान लखमा, मासे और मंगू ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनने से अब उन्हें अपनी जमीन की सही जानकारी मिल रही है। पहले बिना जानकारी के अधिक मात्रा में खाद का उपयोग करते थे, लेकिन अब संतुलित उर्वरक उपयोग से लागत कम हो रही है और फसलों की पैदावार में भी सुधार दिखाई दे रहा है। किसानों ने कहा कि यह योजना उनके लिए लाभकारी साबित हो रही है और इससे खेती के प्रति उनका विश्वास और भी बढ़ा रहा है।

# विद्यार्थियों ने जैव विविधता संरक्षण व पर्यावरण संवर्धन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर




बीजापुर वन मंडल ने इन्द्रावती टाइगर रिज़र्व एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर बीजापुर स्थित तेंदूपत्ता हॉल में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का

■ विश्व जैव विविधता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम


आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन मंडलाधिकारी रमेश जांगड़े एवं उप वन मंडलाधिकारी देवेंद्र गोंड के सतत मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाना था। मुख्य अतिथि बी. राव गोडबोले, सेवानिवृत्त कृषि विकास अधिकारी एवं जैव विविधता तथा पारंपरिक वैद्य विशेषज्ञ रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संदीप बलागा, आईएफएस, उप संचालक, इंद्रावती टाइगर रिजर्व उपस्थित रहे। उनके साथ अजय कावरे एवं मनोज बघेल, उप वन मंडलाधिकारी, इंद्रावती टाइगर रिजर्व तथा एम. सूरज, अध्यक्ष, नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी एवं सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय, बीजापुर में आयोजित समर कैंप के विद्यार्थियों ने चित्रकला, कविता एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया। मुख्य अतिथि गोड़बोले ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को स्थानीय औषधीय पौधों के महत्व एवं उनके पारंपरिक उपयोगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बीजापुर क्षेत्र में पाए जाने वाले दुर्लभ एवं विशेष पौधों के बीज भी वितरित किए।

एम. सूरज ने ऊदबिलाव, जंगली भैंसा, सर्प सहित क्षेत्र में पाए जाने वाले संकटग्रस्त वन्यजीवों से संबंधित वीडियो प्रस्तुत कर स्थानीय वन्यजीव संपदा की जानकारी साझा की। संदीप बलगा ने युवाओं को संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जैव विविधता का संरक्षण एवं उसका सतत उपयोग अत्यंत आवश्यक है। वहीं अजय कावरे एवं मनोज बघेल ने भी जैव विविधता संरक्षण की आवश्यकता एवं वर्तमान समय में इसकी महत्ता पर अपने विचार रखे।

## माहवारी पर चुप्पी, बेटियों की तरक्की में सबसे बड़ी रुकावट, समझें और स्वच्छता अपनाएं

**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में आज स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित समर कैंप के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर ड्रॉइंग-पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और रंगों के माध्यम से शर्म त्यागो-सम्मान दो, स्वच्छता अपनाओ तथा माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जैसे प्रेरणादायी संदेशों को चित्रों एवं रंगोली में साकार किया। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को जागरूकता एवं संवेदनशीलता का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें सभी ने माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी और भ्रांतियों को समाप्त करने तथा खुलकर चर्चा को बढ़ावा देने की शपथ ली।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू।
adani Solar
HAVELLS
WAAREE
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.) 9630131550, 9039015615
ATUL PUBLICITY